मेरा भोला है सबसे निराला

सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

एक चोर चला शिव मंदिर में
पाप था उसके अंदर में
घंटा आया उसे नज़र
जो था लगा शिव के ऊपर
लेकिन था काफी ऊंचे
उस तक वो कैसे पहुंचे
हो ओ ओ ओ ओ

कैसा लालच ने चक्कर में डाला
सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

उपाय समझ जब आया है
चोर खड़ा मुस्काया है
शिव मूरत पर चढ़कर
हाथ लगाया घंटे पर
घंटा घन घन बोल उठा
चोर का मनवा डोल उठा
हो ओ ओ ओ

वहां प्रगट हुआ डमरू वाला
सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

मांग मांग बोले शंकर
ले ले तू मनचाहा वर
चोर खड़ा कांपे थर थर
देख रहा इधर उधर
मैं तो चोर उचक्का हूँ
झूठा कपटी पक्का हूँ
हो ओ ओ ओ

बाबा सचमुच है तू भोला भाला

सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

कोई मोदक मेवा लाता है
कोई चन्दन मुझपे चढ़ाता है
पर तू ने अपना तन
कर दीन्हा मुझपे अर्पण
तू भक्त है मेरा चोर नहीं
तेरे जैसा और नहीं
हो ओ ओ ओ

झट बोले यूँ दीन दयाला
सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

शंकर अन्तर्धान हुआ
चोर को तब ये ज्ञान हुआ
छोड़ कर बुरे धंधे
शिव का पक्का भगत बना
ताराचंद भी दास तेरा
कष्ट हरो शिव तुम मेरा
हो ओ ओ ओ

निसिदिन जपूं तुम्हारी माला
सारे जग का है वो रखवाला
हो भोले शंकर है जग से निराला
बम भोला बम भोला बम भोला -भोला
बम भोला बम भोला बम भोला

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23313/title/mera-bhola-hai-sabse-nirala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |